छात्रों की फीस हड़पने वाला गिरफ्तार

गाडरवारा, देशबन्धु। गाडरवारा पीजी कॉलेज के छात्रों से फीस के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वैभव जैन, जो गाडरवारा में अरिहंत साइबर कैफे संचालित करता था, ऑनलाइन फीस जमा करने के बहाने छात्रों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर चुका था।

ठगी का तरीका × गाडरवारा पीजी कॉलेज के प्राचार्य अखिलेश जैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वैभव जैन छात्रों से ऑनलाइन फीस जमा करने के नाम पर पूरा अमाउंट वसूलता था, लेकिन कॉलेज के खाते में केवल 1 रुपया जमा करता। इसके बाद वह कृत्रिम रूप से एक क्यूआर कोड जनरेट करके छात्रों को दिखाता और बाकी की रकम खुद हड़प लेता था। इस तरह उसने कुल 2,18,049 की ठगी की। शिकायत मिलने के बाद गाडरवारा पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और

ऑनलाइन एक रुपया कॉलेज में जमा कर बाकी रकम खुद रख लेता था

ठगी के पुख्ता सबूत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धोखाधड़ी की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

छात्रों और अभिभावकों को राहत

पुलिस की इस कार्रवाई से छात्रों और अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है। कई छात्रों की फीस गड़बड़ होने की शिकायतें पहले भी आई थीं, लेकिन ठगी का यह तरीका पकड़ में नहीं आ रहा था। पुलिस ने आम जनता और छात्रों से अपील की है कि अगर किसी को इस तरह की ठगी की जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

आगे की जांच जारी

फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ जारी है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या उसने अन्य कॉलेजों या संस्थानों में भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है। पुलिस जल्द ही इस मामले में और खुलासे कर सकती है।

रेत चोरी में दो को दो साल की सजा

नरसिंहपुर, देशबन्धु। न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान यश शर्मा के न्यायालय द्वारा अवैध रूप से रेत की चोरी के प्रकरण में आरोपी छिदामीलाल अहिरवार पिता पूरनलाल अहिरवार, आयु 20 वर्ष, निवासी रानी मोहल्ला, ग्राम पलोहा बडा, थाना पलोहा बडा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.), 2. अजीत पटैल पिता हजारीलाल पटैल आयु 37 वर्ष, निवासी ग्राम खैरीकला, थाना पलोहा बडा जिला नरसिंहपुर (म.प्र) को दोषसिद्ध पाते हुए दोनो आरोपीगणो को भा.दं.सं. की धारा-379/34 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 600/- 600/- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि दिनांक 27.4.2023 को नायब तहसीलदार साईखेड़ा ने थाना पलोहा में इस आशय का लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि उक्त दिनांक को ग्राम पलोहा में भ्रमण के दौरान एक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 49 ए 3686 शक्कर नदी की रेत परिवहन करते मिला जिसे रोककर ड्राईवर से वैध रायल्टी एवं कागजात के संबंध में पूछने पर उसने कोई दस्तावेज न होना बताया तथा ड्राईवर ने उसका नाम छिदामी अहिरवार पिता पूरनलाल निवासी रानी मोहल्ला पलोहा बड़ा होना

बताया जिसके द्वारा ट्रेक्टर में शक्कर नदी से तीन टन घन मीटर अवैध रेत कीमत करीबन 3 हजार रुपये की चोरी की।

उक्त आवेदन पर से थाना पलोहा के अपराध क्र 71/2023 अंतर्गत धारा 379, 34 भादंसं. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान नायब तहसीलदार से वाहन सुपुर्दगी पर प्राप्त कर जप्त किया गया एवं वाहन मालिक से उक्त ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन कार्ड जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। वाहन मालिक को धारा 133 मोटर यान अधि. का नोटिस दिया गया।

अभियुक्तगण को धारा 41 (1) दंप्रसं. का नोटिस दिया गया तथा खनिज अधिकारी नरसिंहपुर को पृथक से प्रतिवेदन प्रेषित किया गया एवं वाहन मालिक द्वारा 36,250/-रुपये की राशि जमा कराये जाने के उपरांत खनिज अधिकारी के निर्देश उपरांत ट्रेक्टर ट्राली को मुक्त किया गया। प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर पृथक से अभियोग पत्र दिनांक 24.05.2023 को प्रस्तुत किया गया। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई।

सार-समाचार

बोहरा समाज ने मस्जिद में इफ्तार सामग्री प्रदान की

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय दाऊदी बोहरा समाज ने जामा मस्जिद पहुंचकर मस्जिद के इमाम हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब,जामा मस्जिद कमेटी के सदर अबरार खान सहित उपस्थित लोगों से मुलाकात कर रमजान की मुबारकबाद दी एवं प्रतिदिन होने वाले सामूहिक रोजा इफ्तार हेतु सामग्री प्रदान कर सभी से कहा कि दुआओ में याद रखना। इस मौके पर दाऊदी बोहरा समाज के सूरत से आए हुए हुसैन भाई व बोहरा समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

बका के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गाडरवारा, देशबन्धु। विगत दिवस चीचली में बालक छात्रावास के सामने रोड इंदिरा कॉलोनी में आरोपी महेंद्र सिंह चौधरी पिता हुकला चौधरी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम ढाना को संदीप अवस्था में पड़ा जिसकी तलाशी लेने पर कमर में छुपा हुआ एक लोहे का धारदार हथियार मिला। जिस पर पुलिस ने 25 और एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया।

बेसहारा घूम रहे गोवंश के गले में बांधे रेडियम बेल्ट

गोटेगांव, देशबन्धु। सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे के मार्गदर्शन में युवा समाजसेवी शंकर राय द्वारा सड़कों पर घूम रही गौ माता की रक्षा के लिए अभियान चला दिया है 1 हजार गोवंश के गले में रेडियम के बेल्ट पहनाने का संकल्प लिया है गाय के गले में पहनाएं जा रहें बेल्ट सबसे पहले गाय को रोटी देकर कुछ देर सहलाया जाता है इसके बाद पुचकारते हुए बेल्ट बांधा जाता है कुछ गायों को बेल्ट बांधने में 10 से 50 मिनट तक का समय लग जाता है । यह संकल्प तब तक नहीं रुकेगा जब तक की हमारे नगर में हर गाय के गले में रेडियम बेल्ट ना दिखने लगे जिससे कि दुर्घटना होने के चांस कम हो जाए और गौ माता सुरक्षित भी रहेगी एवं दुर्घटनाओं की संभावना भी काम हो जाएगी। इस आयोजन में सहयोगी रहेअंकुर पाठक , योगेश सोनी,राजा पटेल,दीपक रजक, मेहंद मेहरा,दीपक ठाकुर,सीताराम रजक,डॉ सिद्धार्थ रजक और अन्य सदस्यों का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

उत्कृष्ट विद्यालय में पांचवीं-आठवीं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण

गाडरवारा, देशबन्धु। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में कक्षा 5 वी एवं 8वी का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो गया। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में हुए इस कार्य में 5वी एवं 8 वी वार्षिक परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषयवार शिक्षकों ने किया। मूल्यांकन उपरांत शिक्षकों ने राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि की। विदित है कि मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण बीआरसी डीके पटैल ने समय समय पर करते हुए मूल्यांकनकर्ताओ से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उक्त मूल्यांकन कार्य केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर के निर्देशन, सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी सत्यम ताम्रकार एवं हरिशंकर उईके के सहयोग से पूर्ण किया गया। यह मूल्यांकन कार्य स्ट्रांग रूम प्रभारी गिरीश ताम्रकार, डाटा एंट्री कार्य धीरज जसाठी, सत्यम सोनी सहित विषयावार हेडवैल्युअर अंतर्गत पवन विजोरिया, गोविंद ताम्रकार, कमलेश दूरबार, बुलंद सिंह कुशवाहा, लेखराम गौतम, सुनील सोनी, रामकुमार कौरव, अजय मेहरा, मन्नालाल पटले, मनीष नेमा, चतुर्भुज मालवीय के सहयोग से पूर्ण हुआ।

ग्रीन बॉल नाइट टूर्नामेंट आज से

केवलारी, देशबन्धु। कर्तव्यों के उपरांत जीवन को मनोरंजक बनाने के उद्देश्य को लेकर स्थानीय प्रशासन ,श्रमजीवी संघ ,जनप्रतिनिधियों ओर सोशल बर्करो का संयुक्त प्रयास से एम्पलाईज प्रीमियर लीग 2025 ग्रीन नाइट वाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 22 मार्च 2025 से 2 अप्रेल 2025 तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान मे शाम 7 बजे से प्रारंम्भ हो रहा है।रात्रिकालीन ग्रीन वाल क्रिकेट प्रतियोगिता मे प्रशासन के सभी विभाग विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओ के आधार पर थीम मे प्रतियोगिता में शामिल होंगे।आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवलारी प्रशासन के अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के मध्य बेहतर सामंजस्य बनाना है, साथ ही कर्मचारियों के द्वारा जन समान्य को यह मैसेज भी देना है कि अपने मूल कर्तव्यों को निभाते हुए जीवन में खेलों का कितना महत्व है साथ ही शारीरिक एवं मानसिक संतुलन हमारे जीवन में बनाने के लिए खेलना बहुत जरूरी है। इस प्रतियोगिता में 10 टीम शामिल होगी।फ्रेंडली मेच का शुभारंभ श्रमजीवी संघ ओर आमजन टीम से होगा।22 मार्च से शुरु हो रहे मैच मे राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, नगरपरिषद,जनपद पंचायत,एकल वेटरन,एमपीईबी विभाग,गैलेक्सी अधिवक्ताओ की टीम प्रदर्शन करेगी।

संत सनकादिक महाराज का आगमन आज

नरसिंहपुर, देशबन्धु। आज 22 मार्च दिन शनिवार शाम को श्री श्री 1008 अनंत विभूषित

राष्ट्रीय संत श्री सनकादिक जी महाराज चित्रकूट धाम का आगमन श्री देव सिद्ध बाबा मंदिर बायपास रोड नरसिंहपुर में होने जा रहा है। महाराज श्री 19 अप्रैल से प्रस्तावित श्री राम महायज्ञ के समापन के पश्चात ही चित्रकूट धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। शिष्य मंडल एवं सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे जिससे यज्ञ के संबंध में भी चर्चा हो सके।

एक देश-एक चुनाव पर अपने विचार रखेंगे युवा

25 मार्च को होगा आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। 18 से 25 वर्ष के युवाओं को युवा संसद 2025 के माध्यम से विधानसभा व संसद में बोलने का अवसर मिलने जा रहा है। इसके लिए जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में 25 मार्च को होगा। जिला स्तरीय आयोजन के लिए 80 युवाओं का चयन किया गया है।

छिन्दवाड़ा एवं नरसिंहपुर के लिए नरसिंहपुर पीजी कॉलेज को नोडल बनाया गया है। युवा संसद में चयनित युवाओं को 'एक देश-एक चुनाव' विषय पर बोलना है। यहाँ से चयनित 10 युवाओं को विधानसभा भोपाल में बोलने का अवसर मिलेगा। नोडल अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार कार्यक्रम की तैयारी हो चुकी है। इसके लिए स्थानीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आगामी 25 मार्च को कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के लिए 80 प्रतिभागियों को स्क्रीनिंग समिति द्वारा चयन किया गया है। उक्त दो जिलों के 135 प्रतिभागियों ने 3 मार्च से 16 मार्च के बीच माय भारत पोर्टल पर अपना एक मिनट का विडियो बनाकर अपलोड किया था।

तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग समिति ने 135 प्रतिभागियों में से 80 का चयन किया। अब फाइनल राउंड के चयन के लिए 25 मार्च को पीजी कॉलेज में कार्यक्रम होगा। सभी 80 प्रतिभागी युवाओं को जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मेल व व्हाट्सएप ग्रुप से सूचना दी जा रही है।

विश्व उपभोक्ता दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। विश्व उपभोक्ता दिवस डाइट हाल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील कोठारी वरिष्ठ समाजसेवी, उपभोक्ता फोरम की सदस्य श्रीमती शर्मा, जैन साहब,एस के चतुर्वेदी एवं बृजभूषण शर्मा द्वारा उपभोक्ताओं के संरक्षण एवं अधिकारों के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया ।

कार्यक्रम में खाद्य निरीक्षक एसके पांडे रंजना नापतोल निरीक्षक खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी के द्वारा भी उपभोक्ताओं को मिलने वाले अधिकारों को बताया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ता छात्र-छात्राएं खाद्य विभाग से विक्रेता बंटी राय, शशिकांत शुक्ला, संजय बरडिया ,आशीष नेमा, श्रीमती किरण दुबे उपभोक्ता भंडार नरसिंहपुर के सभी सदस्य स्व सहायता समूह नरसिंहपुर की समस्त महिला विक्रेता उपस्थिति रहे।

हत्या के जुर्म में दो को आजीवन कारावास

नरसिंहपुर, देशबन्धु। माननीय न्यायालय प्रथम सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर, अखिलेश कुमार धाकड़ के न्यायालय द्वारा आरोपीगण टेकसिंह उर्फ गिल्ला उर्फ गुड्डू सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष सीताराम लोधी उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम मलाह पिपरिया थाना ठेमी तहसील व जिला नरसिंहपुर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 18.2.2024 को 11:55 बजे फरियादी धरमगिरि ने थाना ठेमी के निरीक्षक एच.आर. मानकर को इस आशय की देहाती नालसी लेख कराई कि वह ग्राम मलाह पिपरिया का निवासी होकर खेती किसानी करता है। उसके चचेरे भाई दयागिरि गोस्वामी का छोटा पुत्र गौतमगिरि दिनांक 17.02.2024 की रात्रि लगभग 8 बजे घर से निकला था जो रात तक घर वापस नहीं लौटा।

सुबह लगभग 8:30 बजे उसे जानकारी मिली कि भतीजा गौतमगिरि रात से घर नहीं लोटा है, जिसे उसने फोन लगाया, किंतु उसका फोन बंद आ रहा था। तलाश करने पर पता चला कि चंद्रपुरा गोहे में किसी की हत्या हुई है तो उसने मौके पर जाकर देखा कि उसका भतीजा गौतमगिरि था, जिसके चेहरे, नाक व होंठ वाले हिस्से में धारदार हथियार की चोट हैं, पेंट शर्ट एवं चेहरे पर खून लगा है।

ऐसा प्रतीत होता था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से किसी धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी है। उक्त देहाती नालसी के आधार पर थाना ठेमी में पंच साक्षियों को सूचनापत्र जारी कर उनके समक्ष शव का नक्शा पंचायतनामा तैयार किया गया एवं आवेदन देकर गौतमगिरि के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम से 12 घंटे के अंदर मृत्यु होना और मृत्यु का कारण कार्डियो रेस्परेटरी अरेस्ट जो कि मृतक के जैविक अंगों में चोट के कारण होना तथा मृत्यु का प्रकार शॉक व ट्रामा होना प्रतिवेदित किया गया।

थाना ठेमी में गौतमगिरि की अप्राकृति मृत्यु का पंजीकरण कर मर्ग जांच में लिया गया और अनुसंधान आरंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान अभियुक्तगण द्वारा अपराध कारित किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर अभियुक्तगण को अभिरक्षा में लेकर उनके मेमोरेण्डम कथन लेखबद्ध किये गये जिसमें उन्होनें आरोपी टेक सिंह की पुत्री के प्रेम संबंध मृतक गौतमगिरि से होने की बात को लेकर उसकी हत्या कारित करने का सामान्य आशय निर्मित कर घटना दिनांक को मृतक गौतमगिरि को शराब पीने हेतु ऊमर नदी, पीपल के पेड के पास बुलाकर गोहा वाले कच्चे रास्ते पर उसे ले जाकर शराब पीते समय आरोपी टेक सिंह उर्फ गिल्ला द्वारा लोहे के बका से व आरोपी सीताराम द्वारा लोहे की कुल्हाडी से मारपीट कर गौतमगिरि की हत्या कर तार बाडी के नीचे फेंक देना बताया।

उक्त के आधार पर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी डीपीओ रामकुमार पटेल द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण टेकसिंह उर्फ गिल्ला उर्फ गुड्डू सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष एवं सीताराम लोधी उम्र 24 वर्ष को पृथक-पृथक से धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

कार्यालय तहसीलदार गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर

- ईश्तहार:-

रा.मा.क्र. /मद ब/121 वर्ष 2025-26

मौजा चिरहकलॉ, नांदनेर, पतलौन, सुपारी, सांगई, बोदरी, गरधा

एतद द्वारा आम जनता एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री देवराम जानकी मंदिर गर्रा घाट एवं जगदीश मंदिर गाडरवारा की निम्नलिधित अनुसूची में उल्लेखित कृषि भूमियो को न्यायालय तहसीलदार गाडरवारा द्वारा रिसीवर की हैसियत से आगामी एक कृषि वर्ष 2025-26 के लिये कृषि कार्य हेतु नीलामी कराई जाना है।

क्र.	खातेदार का नाम	मौजा	खसरा नंबर	रकवा	नीलामी दिनांक
01	श्रीदेव रामचंद्रजी मंदिर गाडरवारा	चिरहकलॉ	575, 577, 582, 583, 584, 586, 689/1, 695/4, कुल रकत्वा 68.526 है.	कुल 68.526 हे. में से प्रहलाद कुशवाहा के कब्जे वाली भूमि 9.882 हे. जिस पर न्यायालय का स्थगन है, को छोडकर नीलामी हेतु शेष रकवा 58.644 हे.	07/04/2025
02	श्री देव जगन्नाथजी रामजानकी मंदिर नांदनेर	नांदनेर	16, 17/1	2.185 हे.	
03	श्री देव जगन्नाथजी रामजानकी मंदिर पतलौन	पतलौन	106, 111, 112	1.174 हे.	04/04/2025
04	श्री ठाकुरजी मंदिर सुपारी	सुपारी	242	1.040 हे.	
05	श्रीदेव रामचंद्रजी मंदिर गर्राघाट गाडरवारा सांगई	सांगई	77	0.306 हे.	
06	श्रीदेव रामचंद्रजी मंदिर बोदरी	बोदरी	304, 337/1, 305	रकवा क्रमशः 0.841 हे., 0.149 हे., 2.327 हे.	
07	श्रीदेव रामचंद्रजी मंदिर गरधा	गरधा	79	2.023 हे.	

उपरोक्तानुसार उल्लेखित भूमियों आगामी कृषि वर्ष 2025-26 के लिये कृषि कार्य हेतु इन भूमियो जिन व्यक्तियों को नीलामी में लेना है तो वे व्यक्ति, 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी के पूर्व इच्छुक व्यक्ति भूमि का भलिभांति निरीक्षण कर ले, भूमि की नीलामी जो है जहां है जैसी स्थिति में है, के आधार पर नीलामी की जावेगी।

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियो को नीलामी के पूर्व निर्धारित आमानत राशि जमा करनी होगी और अंतिम बोलीदार को बोली की सम्पूर्ण राशि एक मुस्त जमा करनी होगी।

नीलामी की निर्धारित शर्ते न्यायालय के प्रकरण में अवलोकन की जा सकते है। नीलामी दिनांक को नीलामी के पूर्व निर्धारित शर्ते संबधित को अवगत कराई जायेगी।

आज दिनांक 20.03.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार गाडरवारा

श्रीमद् भागवत कथा के साथ रजत जयंती महा महोत्सव का आयोजन

गोटेगांव, देशबन्धु। नगर के बालाजी धाम परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में पंचाग्नि पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा के विविध प्रसंगों की मीमांसा जारी है। आचार्य शिव शंकर शर्मा (मुंबई वाले) एवं टेनगुरिया परिवार के यजमानत्व में आयोजित कथा कार्यक्रम में मुंबई से पधारे रामानुज संप्रदाय के जगतगुरु जनार्दनाचार्य जी महाराज द्वारा भी मंगल प्रवचन किए जा रहे हैं। भाव एवं भक्ति के इस सत्संग कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुजन उपस्थित होकर गुरुवाणी का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या करते हुए ,कथा व्यास पूज्य आचार्य श्री ने मानवीय जीवन में ईश्वरीय गुणों को धारण करने का आह्वान किया।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

सनात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए